## खबर संक्षेप

### मां शारदा देवी के दरबार में कमलेश्वर ने दी हाजिरी



**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वर्किंग सदस्य सीडब्लूसी कमलेश्वर पटेल ने शनिवार को सुबह रेवांचल से पहुंच कर माता शारदा के दरबार में हाजिरी लगाई एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, जिले के सह प्रभारी अजीत पटेल, पूर्व पार्षद रमेश प्रजापति, अमृतलाल पटेल,पंकज कुशवाहा, शारदा पटेल,सुनील कोरी,शशांक पटेल, रिगरा शनी सिंह,रविंद्र पटेल, वीरेंद्र नामदेव, दुर्गेश पटेल,मोहन सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री से मिले मां शारदा प्रबंधक समिति के नवनियुक्त सदस्य सचिन

**मैहर।** अल्प प्रवास पर पहुंची मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री व मैहर जिले के प्रभारी मंत्री राधा सिंह का मां शारदा प्रबंधक समिति के सदस्य व एडवोकेट सचिन मिश्रा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने मां शारदा देवी मंदिर क्षेत्र में विकास को लेकर व श्रद्धालुओं की समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर सचिन मिश्रा के साथ मैहर क्षेत्र के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

### पश्चिम मध्य रेल सतना हेल्थ यूनिट में जांच शिविर का आयोजन सोमवार को

**सतना।** सोमवार को पश्चिम मध्य रेल सतना केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि के सौजन्य एवं रेलवे अस्पताल के सहयोग से महिला दिवस के अवसर पर निरामयी संस्था,बैंगलोर के द्वारा पश्चिम मध्य रेल,जबलपुर मंडल के अन्तर्गत महिला ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प के लिए ए.आई.बेस्ड रेडिएशन-फ्री,नॉन-कॉन्टेक्ट, ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प स्थल सतना हेल्थ यूनिट में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा इसमें रीवा,सतना सहित आसपास के समस्त स्टेशनों के महिला कर्मचारी एवं रेल कर्मचारियों के परिवार की महिला सदस्य निशुल्क जांच करवा सकते हैं।

# 189 जोड़े शादी के बंधन में बंधे

सतना। नगर निगम द्वारा शनिवार को बीटीआई मैदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत किया गया। सामूहिक विवाह की सूची में 196 जोड़ों का नाम शामिल था, जिनमें से 189 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह समेलन में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन,नगर निगम आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना समेत शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विवाह के लिये 50 बेदियां।









बनाई गयी थीं। हर बेदी के समक्ष चार जोड़ों को बैठाकर गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान पूर्वक विवाह कराया गया। इस कार्य को प्रधान पुरोहित सहित लगभग दो दर्जन शक्तिपीठ के पुजारियों द्वारा संपादित कराया गया। इसके अलावा जयमाला तथा सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गयी थी। नगर निगम में वैवाहिक स्थल पर टेन्ट से लेकर वैवाहिक गीत गाने वाले गायकों, पुरोहितों, बैण्डबाजा, भोजन एवं स्वागत की सभी व्यवस्थायें की गयी थीं। विवाह संपन्न होने के बाद युगलों और उनके परिजनों को भोजन करवाकर विवाह का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नगर निगम प्रशासन ने कन्या विवाह योजना के तहत विवाह करने वाले जोड़ों को वैवाहिक प्रमाण पत्र दिये जाने की व्यवस्था भी की है। इसके साथ नव विवाहित युगलों को शासन की ओर से 49 हजार का डेमो चेक प्रदान किये गए। इसके बाद में यह राशि कन्याओं के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी।महापौर ने सभी जोड़ों को प्रदान की दीवार घड़ी महापौर योगेश कुमार ताम्रकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ों को अपनी तरफ से दीवार घड़ी भेंट की गयी।

# हवाई पट्टी की 126 एकड़ जमीन गायब!!



### सांसद ने कहा था हटाएंगे अतिक्रमण, नाइट लैंडिंग की व्यवस्था भी करेंगे

**सतना।** हवाई पट्टी की 126 एकड़ जमीन गायब है। जमीन कहां गई? इसे खोजने की कोशिश भी नहीं की जा रही है। एयरपोर्ट अथारिटी के हिसाब से यहां केंद्र सरकार के नभ विभाग के पास कुल 451.66 एकड़ भूमि होनी चाहिए। यह तीन पटवारी हल्कों में विस्तृत है। करोड़ों रुपए खर्च करके हवाई पट्टी तैयार कर दी गई लेकिन अभी तक हवाई जहाज भी नहीं उतर पा रहे हैं। वायदे किए गए थे कि 2024 में हवाई पट्टी चालू कर दी जाएगी। लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन साल गुजर गया 2025 के दो महीने भी गुजर गए अभी तक हवाई सेवा सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पा रही है। बताते हैं कि जमीन तीन पटवारी के क्षेत्र में है। पहला डिलौरा में 164.84 एकड़,कोलगवां में 155.93 एकड़ और सोनौरा चेक उतैली 130.89 एकड़ है। परंतु एयरपोर्ट अथॉरिटी के हाथ में मौजूदा समय में 325 एकड़ भूमि ही बची है। शेष 126.2 एकड़ भूमि गायब हो गई। जिसके कारण अब सतना एयरपोर्ट को विस्तार करने के लिए नभ विभाग को अपनी जमीन को वापस पाने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। जिम्मेदार हवाई अड्डे की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा सके। यह खुलासा विमानपत्तन निदेशक रामजी अवस्थी के उस पत्र से हुआ है जो उन्होंने कलेक्टर को लिखा है। साथ ही यह भी याद दिलाया है कि नवंबर 2023 में जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आज की स्थिति में सतना हवाई अड्डे की 451 एकड़ जमीन का ज्यादातर हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में है।

### दूल्हे राजा की निकली बारात

# 73 जोड़े के विवाह के साथ 1 जोड़े का निकाह भी कराया गया

**मैहर**

मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन स्थानीय पटेल मैरिज गार्डन में किया गया। नगर पालिका परिषद मैहर के संयोजन में स्थानीय सिंधी धर्मशाला से बारात विधिवत गाजे बाजे पटाखे के साथ निकली जो नगर के घंटाघर,चंदी देवी,स्टेट बैंक चौराहा से जेल चौराहा होते हुए पटेल मैरिज गार्डन पहुंची। बारात में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,केशव प्रसाद चौरसिया,राम प्रकाश गुप्ता,पार्षद केशव कुशवाहा सहित नगर पालिका स्टाफ सहित पार्षदगण वा दूल्हे के परिवारजनों के साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए। बारात में घोड़ी में सवार होकर दूल्हे विवाह स्थल पहुंचे जहां उनके परिजनों ने अपने अपने दूल्हों की अगुवाई की गई। कार्यक्रम स्थल में माल्यार्पण एवं हवन के साथ विधिवत विवाह की रस्में अदा की गई। इसी दौरान एक जोड़ें का निकाह भी विधिवत कराया गया। इस अवसर पर नव दम्पतियों को प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों के द्वारा सरकार की ओर से दिए जा रहे 49 हजार का चेक भी दिया गया।आशीर्वाद के अवसर पर मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,एसडीएम विकास सिंह,तहसीलदार जितेन्द्र पटेल,सीएमओ सुषमा मिश्रा,नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल ताम्रकार, पार्षद जितेन्द्र पाण्डेय,जावेद अहमद,निधि प्रजापति, सत्यभान पटेल,जीतेन्द्र द्विवेदी,आदित्य नारायण शुक्ला,सतीश मिश्रा सहित काफी संख्या जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यंग इंडिया के बोल सीजन 5 में मध्यप्रदेश विजेता बने पंकज

**मैहर**



भोपाल इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित यंग इंडिया के बोल के सीजन 5 में मध्यप्रदेश राज्य स्तर पर मैहर के पंकज मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का गौरव प्राप्त किया,जबकि रनर-अप का स्थान आबिद खान ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रारंभिक चरण में स्क्रीनिंग के माध्यम से 6 प्रतिभागियों का चयन किया गया जिनके बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा हुई। जूरी के सामने हुई डिबेट में पंकज मिश्रा ने न केवल अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति शैली से बल्कि तथ्यों के संगठित प्रस्तुतीकरण और तर्कसंगत विश्लेषण से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनके स्पष्ट दृष्टिकोण,विषय की गहन समझ और पैनलिस्टों के प्रश्नों के संतुलित उत्तरों के आधार पर उन्हें मध्यप्रदेश का विजेता घोषित किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री मुकेश नायक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति दीपक तिवारी, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता संजय बरोनिया व दीपक त्रिपाठी,इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा,सह प्रभारी प्रियंका पटेल,तथा प्रदेश अध्यक्ष (मीडिया) अभिज्ञान शुक्ला और प्रशांत पाराशर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। विजेता को ट्रॉफी,प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अतिथियों ने पंकज मिश्रा की असाधारण वाणी शैली और तर्क क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा की,साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि के साथ पंकज मिश्रा ने न केवल मैहर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में युवा वक्ताओं के लिए प्रेरणा का नया मानक स्थापित किया है।

# प्रिज्म सीमेंट द्वारा मेसन मीट और सपने स्कॉलरशिप प्रोग्राम चेक वितरण समारोह

सतना। प्रिज्म सीमेंट ने ज्ञान ट्रेडर्स नौगांव जिला छतरपुर में एक शानदार मेसन मीट का आयोजन किया,जो निर्माण उद्योग के पेशेवरों के लिए एक अद्वितीय अनुभव साबित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में प्रिज्म सीमेंट के इन्फ्लुएंसर रिलेशनशिप मैनेजर लोकेश गुप्ता सर,छतरपुर ब्रांच मैनेजर सौरभ श्रीवास्तव,सेल्स प्रमोटर अर्जुन नायक, सेल्स ऑफिसर ऋषभ त्रिवेदी, टेक्निकल ऑफिसर ओम प्रकाश साहू और पुनीत मिश्रा डीलर विक्रांत जैन एंड उत्तम सिंह राजपूत ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।




### निर्माण उद्योग में तकनीकी नवाचार की दिशा

कार्यक्रम में स्थानीय मिस्त्री,ठेकेदार और निर्माण विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान प्रिज्म सीमेंट के प्रमुख उत्पाद प्रिज्म चैंम्पियन प्लस,प्रिज्म ड्यूराटेक और प्रिज्म आल वेदर सीमेंट की विशेषताओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही,निर्माण गुणवत्ता सुधार,एडब्ल्यूसी डेमो और नवीनतम निर्माण तकनीकों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई,जिससे उद्योग के पेशेवरों को नई दिशा प्राप्त हुई।

### सपने स्कॉलरशिप प्रोग्राम-शिक्षा के प्रति प्रिज्म सीमेंट की प्रतिबद्धता

इस अवसर पर प्रिज्म सीमेंट ने 'सपने स्कॉलरशिप प्रोग्राम' के तहत ठेकेदार दशरथ अहिरवार एवं ठेकेदार दीपचंद की पुत्रियों को 11000-11000 रुपए और साथ ही ठेकेदार पप्पू अहिरवार के पुत्र को 5100 रुपए की छात्रवृत्ति राशि प्रदान की गई,जो कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल न केवल छात्रों के सपनों को उड़ान देती है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी योगदान करती है।

### सुरक्षा और नवाचार पर विशेष जोर

कार्यक्रम में पीजेएल-कवर ब्लॉक्स के उपयोग और 'प्रिज्म इंश्योरेंस स्कीम' के लाभों पर भी जानकारी दी गई। उपस्थित प्रतिभागियों को निर्माण कार्यों में सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

### कार्यक्रम की सफलता और भविष्य की दिशा

यह आयोजन निर्माण उद्योग में नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने का एक सशक्त कदम साबित हुआ। सभी सम्मानित अतिथियों,मिस्त्रियों,डीलरों और प्रिज्म सीमेंट के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रिज्म सीमेंट का यह कदम न केवल उद्योग के विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत है,बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।


# परीक्षा दे रहे बच्चों पर सीलिंग का प्लास्टर गिरा, एक छात्रा घायल

### रैगांव क्षेत्र के इटमा शासकीय हाई स्कूल की घटना





**सतना।** जिले के रैगांव क्षेत्र के इटमा शासकीय हाई स्कूल में शनिवार को दोपहर बाद परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों पर सीलिंग का प्लास्टर गिर गया। इस घटना में एक छात्रा को मामूली चोट आई है। जिस कक्ष में यह घटना हुई है उस कक्षा में आठवीं कक्षा के 40 परीक्षार्थी परीक्षा पेपर को हल कर रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक सीलिंग का प्लास्टर गिरने से कक्षा आठवीं की परीक्षा दे रही छात्रा अनामिका गुप्ता के सर में चोट आई है। उसके सर में सूजन आ गई है। घटना के तत्काल बाद परीक्षा केंद्र के अध्यक्ष व अन्य शिक्षकों ने सभी परीक्षार्थियों को कक्षा से बाहर कर दिया और बरामदे में बैठा कर पेपर हल कराया। इटमा हाई स्कूल परीक्षा केंद्र में 152 परीक्षार्थी कक्षा आठवीं और 128 परीक्षार्थी कक्षा 5 के परीक्षा दे रहे हैं। बताया जाता है कि इटमा हाई स्कूल में पुराने कमरों की मरम्मत भी कराई जा चुकी है और कई नए कमरे बनाए गए हैं लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण शनिवार को इस तरह की घटना घटित हुई है। गनीमत तो यह रही है कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ है। मालूम होगा इटमा हायर सेकंडरी स्कूल रैगांव विधानसभा क्षेत्र में आता है। यह विधानसभा क्षेत्र मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का है।



### प्लास्टर गिरा है किसी को चोट नहीं आईः डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा हाल की सीलिंग का प्लास्टर गिरा है। किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है।

# लोको और ऑपरेटिंग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच जीता

**सतना।**




पश्चिम मध्य रेल सतना में अंतर विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आरपीएल मैच शनिवार को खेला गया। पहला मैच इंजीनियरिंग बनाम लोको के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंजीनियरिंग टीम ने 13.1 ओवर में दस विकेट खो कर 132 रन का लक्ष्य रखा वहीं जवाबी पारी में खेलने उतरी लोको टीम ने 11.5 ओवर खेलकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच धीरू गुप्ता के नाम रहा वहीं सेकेंड पाली का मैच आर पी एफ बनाम ऑपरेटिंग के बीच खेला गया। आरपीएफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया रीवा आरपीएफ ने 15 ओवर खेलके 112 रन का टारगेट रखा जवाब में ऑपरेटिंग की टीम ने 10.2 ओवर खेलकर 6 विकेट से जीत हासिल की। विनय पटेल को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया स्कोरर के लिए धीरेन्द्र गुप्ता व कमेंट्री में डी के सक्सेना ने साथ दिया। रविवार को पहला मैच करिज वैगन बनाम रीवा वारियर तथा सेकेंड मैच रीवा वारियर बनाम टीआरडी के बीच खेला जाएगा।

# पुलिस आरक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

### अज्ञात वाहन की टक्कर से जान गई, बरौंधा पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर से दी विदाई

**सतना।** *बरौंधा थाने में तैनात पुलिस आरक्षक अनुज सिंह की शुक्रवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। सतना-उचेहरा रोड पर गुढ़हा पुल के पास रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।*





### पार्थिव शरीर पर तिरंगा चढ़ाकर सलामी दी

*दिवंगत आरक्षक के पार्थिव शरीर को उनके गृह क्षेत्र मैहर लाया गया। बरौंधा पुलिस ने अपने साथी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पुलिस जवानों ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा चढ़ाकर सलामी दी। पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुरानी बस्ती मैहर निवासी आरक्षक अनुज सिंह को उनके घर पर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी और जवान भावुक हो गए।*

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट मामला दर्ज

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम मकरगंज सिमरिया में मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें एक महिला को एक युवक द्वारा उसके घर से बाहर निकालकर उसे मारपीट कर चोटिल किया एवं अनुचित गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी गई घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादीया तुलसा बाई पति रामकिशन चौधरी उम्र 38 वर्ष निवासी मकरगंज सिमरिया ने बीती रात पुलिस थाना अमानगंज जाकर रिपोर्ट किया कि ग्राम के ही भोला चौधरी अत्यंत शराब के नशे में था जिसने घर के अंदर जाकर गली-गलोच देने लगा गाली देने से मना करने पर महिला को घर से बाहर निकाल कर मारपीट कर चोटिल कर दिया जिसपर अमानगंज पुलिस ने मारपीट की धाराओं मैं मामला दर्ज किया।

### लोक अदालत में विद्युत अनियमितताओं के प्रकरणों में मिलेगा समझौते का अवसर

**पन्ना।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का अवसर मिलेगा, जिसके तहत आंकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए तक की राशि के प्रकरणों में 20 एवं 30 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत प्रतिशत छूट का प्रावधान है। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी पन्ना संभाग के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पन्ना जिले के समस्त निम्नदाब विद्युत उपभोक्ता, जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत विशेष न्यायालय पन्ना एवं पवई में लिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित हैं, ऐसे समस्त घरेलू, कृषि, पांच किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू और दस अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को लंबित प्रकरणों की राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर सिविल दायित्व की दस लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों में 20 प्रतिशत और ब्याज की राशि में शत प्रतिशत छूट मिलेगी। इसी तरह न्यायालय से बाहर प्रि-लिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों में राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर आंकलित सिविल दायित्व की दस लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों में 30 प्रतिशत और ब्याज राशि में शत प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

**पन्ना।** जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम हिनौती बेली के मढ़ेश्वर मंदिर में रविवार, 2 मार्च को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सामूहिक विवाह के लिए 300 से अधिक आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। योजना अंतर्गत नवदंपत्तियों को 49 हजार रूपए राशि का चेक प्रदान किया जाता है। साथ ही स्थानीय निकाय को 6 हजार रूपए की राशि भी आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा सहित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**पन्ना।** राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार, 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में बधिरताओं एवं कान से संबंधित बीमारियों के मरीजों की जांच, उपचार व रेफरल की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी उपलब्ध होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि श्रवण संबंधी देखभाल को बढ़ावा देने तथा बहरेपन एवं सुनने की क्षमता में कमी की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को संस्था और समुदाय स्तरीय गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में कान से संबंधित परेशानी वाले मरीजों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### बिजली विभाग में तानाशाही का आलम, नियम विरुद्ध लटक रहे 11 केवी के तार

# ग्राम भटिया में जान माल का मंडराया संकट

**गुनौर।** सलेहा क्षेत्र के बिजली विभाग में चल रही भ्रष्टाचार की चर्चाएं विराम लेने का नाम नहीं लें रहीं मौजूदा कनिष्ठ अभियंता द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और जिले में बैठे विद्युत अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करना चर्चा के विषय को ओर भी मजबूत कर रहा है। वहीं दूसरी ओर लगातार शिकायतों के बाद भी कनिष्ठ अभियंता की एक भी जांच या नोटिस तक का न आना जिले के मुखिया के प्रति जनता के अविश्वास को दृढ़ करता हुआ दिखाई दे रहा है पूर्व में कलेक्टर को दिए गए 6 सूत्रीय ज्ञापन की प्रतिक्रिया भी प्राप्त न होना मौजूदा सरकार और चुने हुए जनप्रतिनियों की उदासीनता को भी साफ साफ झलका रहा है। ताजा मामला विद्युत वितरण केंद्र सलेहा के ही समीपस्थ लगभग 3- 4 किलो मीटर दूर ग्राम भटिया का है जहा पर नल जल योजना के तहत हुए ट्यूब बेल तक बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया है लगभग 1 किलोमीटर लंबी इस लाइन में अनियमितताओं का अंबार लगा हुआ है। भटिया में कब्रिस्तान से लेकर खेतों से होकर ट्यूब बेल तक बिजली ले जाने वाले तार इस प्रकार लटक रहे हैं मानो बंदर अटखेलिया कर रहे हों तारों के लटकने से जहां एक ओर तारों के आपस में टकराने का खतरे से फसल में आग भी लग सकती हैं जिससे किसानों के आय और जीवन यापन का साधन एक पल में बर्बाद होने के संभावना है वही दूसरी कटाई के दौरान हार्वेस्टर भी




तारों के चपेट में आ सकती है साथ ही जुताई बुवाई के समय खेत जोतने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है साथ ही ट्रैक्टर या हार्वेस्टर चालक अगर ध्यान न दे पाए तो करंट के चपेट में भी आ सकता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या विद्युत विभाग के अफसरों द्वारा यह लापरवाही जानबूझ कर की जा रही है या फिर ठेकदार द्वारा अनियमितता की गई है और दूसरा यह की अगर ठेकेदार द्वारा यह अनियमितता की गई है तो इसमें आखिर उसके द्वारा किया गया कार्य को पूर्णतः कैसे हो गया। खैर ग्रामीणों ने जिले के कलेक्टर से अपील की है कि धन और जन की सुरक्षार्थ विद्युत तारों में की गई अनियमिताओं की जांच कर यथा उचित बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाए।

#### ग्राम वमुराहिया में लाइन बंद

एक मामला और सामने आया है जहां पर ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया है कि लगभग 3 दिन से एग्रीकल्चर वाली लाइन बंद पड़ी है जिससे किसानों को भारी चिंता सता रही है किसी के प्याज के लिए पानी की आवश्यकता है तो किसी का गेहूं सिंचाई हेतु पड़ा है वहीं मगरैला खुर्द के निवासी कुशवाहा परिवार के लोग छोटा मोटा सब्जी का धंधा कर पेट पालते हैं उनके खेत भी उसी लाइन में होने के कारण उनको भारी नुकसान का सामना कर पड़ सकता है। ओर यह विषय व्यक्तिगत किन्हीं किसानों का नहीं है अन्न उत्पादन कर किसान बाकी के गैर किसानों का पेट भरते हैं वही सब्जी भाजी के छोटे मोटे किसान सब्जी बेचकर आसपास के लोगों का भी पेट भरने का काम करते हैं।

#### इनका कहना है -

हम मौके पर नहीं पहुंच पाए बाकी बिजली विभाग को हैंड ओवर हो गया बिजली विभाग ने अगर हैंड ओवर लिया है तो उन्हीं ने सब देखा होगा। बिजली विभाग को हैंड ओवर होने के बाद हमने संबंधित ठेकेदार का बिल पास कर दिया है।

**हर गोविंद गुप्ता एस.डी.ओ.**

## भगवान शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम कल से

### शहर के मां शारदा देवी मंदिर के प्रांगण में आयोजित होगा धार्मिक कार्यक्रम



**पन्ना।** शहर के बड़ा बाजार मटया तालाब के समीप स्थित मां शारदा देवी मंदिर में भगवान श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 3 मार्च से शुरू होने जा रहा है जो 8 मार्च को भंडारे के साथ संपन्न होगा इस भव्य और बड़े कार्यक्रम के मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी रिटायर्ड शिक्षक विजय चंसोरिया एवं उनकी धर्म पत्नी हेमलता चंसोरिया बनेंगे गौरतलब हो कि शारदा देवी मंदिर प्रांगण में शिवजी के मंदिर का पूरी भव्यता के साथ निर्माण कार्य कराया गया है और उसमें शिवजी के पूरे परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इस कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पंडित शैलेंद्र पांडे होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मार्च दिन सोमवार को गणेश पूजन, हेमाद्रि संकल्प शुद्धि भव्य कलश यात्रा एवं जलाधिवास 4 मार्च को अन्नादिवास 5 मार्च को देवार्चन, फलादि, पुष्पादिवस एवं अन्यवास, 6 मार्च दिन गुरुवार को मूर्ति नगर भ्रमण महाभिषेक एवं सैयाधिवास 7 मार्च दिन शुक्रवार को देवार्चन हवन मूर्ति न्यास प्राण प्रतिष्ठा चारों धाम हवन पूर्ण आहुति एवं महाआरती का आयोजन होगा 8 मार्च दिन सोमवार को महाप्रशादी एवं भंडारा होगा। मुख्य यजमान विजय चंसोरिया ने शहर वासियों से इस आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## खुदी पड़ी नगर की नालियों से राहगीर गिरकर हो रहे घायल


**पन्ना।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में नई पाइप लाइन बिछाने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया है, जिसके ठेकेदार द्वारा पूरे पन्ना शहर के प्रत्येक गली मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने के लिए सीमेंट कंक्रीट सड़कों को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी जाती है, मगर उन सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है। जिससे संकीर्ण गलियों में खुदी पड़ी नाली से राहगीर आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय नगर के लोगों ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन से आग्रह किया है कि जिन मोहल्लों में नालियां खुदी छोड़ दी गई है उन नालियों में पुन रू ठेकेदार के द्वारा सीमेंट कंक्रीटट सड़क का निर्माण कराया जाए। ताकि लोगों को आवागमन करने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। यदि नगर पालिका प्रशासन द्वारा ईस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से नगर के लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश व्याप्त हो रहा है और यह कभी भी सड़कों पर उतर सकता है।



### अपनी सेवाओं के लिए हमेशा याद किए जाएंगे लाइनमैन भवानीदीन सेन, अमानगंज कार्यालय से हुए सेवा मुक्त



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज विद्युत केंद्र में पदस्थ लाइन में भवानीदीन सेन अपनी 60 वर्ष की आयु पार करने के बाद विद्युत विभाग से सेवा मुक्त हो गए उनकी स्थानीय कार्यालय द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया जिसमें कनिष्ठ अभियंता शिव कीर्ति शुक्ला साहित विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने सेवा मुक्त हुए लाइनमैन को सॉल श्रीफल से सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी इस मौके पर पवई उप संभाग से रामजी बाबू एवं समूचा विद्युत स्टाफ मौजूद रहा।




### देवेंद्रनगर और सलेहा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था

**पन्ना।** देवेंद्रनगर और सलेहा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत देने वाली खबर सामने आई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए देवेंद्रनगर के कृष्ण कुमार अग्रवाल (पप्पू भैया) और सलेहा के रमेश अग्रवाल (रम्मू भैया) ने मिलकर सतना में परीक्षा अवधि के दौरान निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की है। यह सुविधा केवल लड़के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगी और इसके लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा पिता/ अभिभावक का अनुमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। ठहरने के दौरान किसी भी प्रकार की टूट-फूट या नुकसान की जिम्मेदारी विद्यार्थियों की होगी।



## उडला में अवैध तरीके से मिट्टी मुरम का उत्खनन जारी, प्रशासन बना मूकदर्शक

### नदियों के किनारे चल रहीं दैत्याकार मशीन, जिम्मेदार बने धृतराष्ट्र

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत उडला में स्थित कीस्टोन इन फायर कंपनी के द्वारा पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जहां पुल निर्माण कार्य के नाम पर भारी रराजस्व को क्षति पहुंचाई जा रही है नदियों के किनारे अवैध उत्खनन जारी है जिससे नदियों का सीना छलली हो रहा है साथ ही नदियों के किनारे फैले पठार पर भी गहरी चोट मशीनों द्वारा की जा रही है हम आपको बता दें कि निर्माण कार्य के लिए कंस्ट्रक्शन द्वारा जो अनुमति ली गई है वह 573 नंबर पर उत्खनन करने के लिए परमिशन ली गई बाबजूद इसके मनमर्जी तरीके से राजस्व की सीमा पर कहीं भी दैत्या कार मशीन लगाकर उत्खनन किया जा रहा है अवैध उत्खनन होने से नदियों के पाट गिरने की संभावना जताई जा रही है मगर इस और प्रशासन उदासीन बना हुआ है जिससे कंट्रक्शन के अधिकारी कर्मचारियों के हौसले बुलंद है वहीं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने भी उत्खनन को लेकर सवाल खड़े किए हैं उन्होंने कहा कि जो कंपनी के द्वारा उत्खनन किया जा रहा है वह निंदनीय है इसके लिए क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक से बात कर जल्दी समस्या का समाधान करेंगे उन्होंने कहा पर्यटक स्थल होने के बावजूद इस तरीके का कृत्य अशोभनीय है सात नदियों का संगम होने के बावजूद उसका उत्खन्न करना कहीं ना कहीं पर्यटक स्थल को क्षति पहुंचाना है जिस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**पन्ना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं का जिला स्तर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर श्री नीलांबर मिश्र जी के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शशिकपूर गढ़पाले जी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पन्ना शामिल हुए,कार्यशाला में जिले में विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओ ने भाग लिया। जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक आनन्द पाण्डेय जी ने स्वैक्षछिक संगठनो को अपनी बात इस सार्वजनिक मंच के माध्यम से रखने का पूरा अवसर प्रदान किया, सभी अपने कार्य,क्षेत्र एवं चुनौतियाँ के साथ प्रशासन से अपेक्षाये क्या है बात रखी गई। प्रदान एवं समर्थन संस्था के साथियो ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई । प्रदान संस्था से कुंदन कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया । प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक



वैठक हो सभी अपने कार्य को जिला स्तर पर साझा कर सके ऐसा अवसर की अपेक्षा की है। जिले की सभी संस्थाओ को एक मंच मिला जिसमे सभी संस्थाओं ने अपने अपने विचार साझकर अपने बात रखी। आगे इसी प्रकार की नियमित बैठक पर सहमति बनी है। प्रशिक्षण उपरांत सभी संस्थाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उक्त कार्यशाला में स्वैच्छिक संस्थाओं में प्रदान संस्था,समर्थन संस्था पन्ना,उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना, पृथ्वी ट्रस्ट, आधार संस्था,जन उत्थान एवं जागरूकता संघ बगरौड,सविता जनकल्याण युवा मंडल एंड महिला विकास समिति, मानव सामाजिक उत्थान वेलफेयर सोसायटी, करुणामय अमृत जनकल्याण समिति, मानसी सेंटर फॉर ह्यूमन रिसर्च एंड एनिशियेटिड, हस्तक्षेप वेलफेयर सोशल सोसाइटी,ज्ञानांजलि शिक्षा समिति,महिला रोजगार प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान, ज्योत्सना विकास एवं जनकल्याण समिति,समावेश संस्था, द लास्ट वाईल्डरनेस, कोशिका संस्था,साहस संस्था,धन विधा सामाजिक कल्याण समिति,दिव्य ग्रुप सामाजिक उत्थान समिति, समर्पित समाजसेवी संस्था, श्री राम पथगमन ब्रहस्पतिकुंड जनसेवा समिति, आदर्श कल्याण समिति, अरुणोदय संस्थान, स्वयंसिद्धा, रिलायंस फाउंडेशन, घनश्याम युवा मंडल, रमाश्री सामाजिक उत्थान समिति, उज्जवला संस्था, भीना कामदनाथ समिति, शैलजा सामाजिक शिक्षा समिति, शिवकीर्तन युवा मंडल, श्री साक्षी गोपाल सामाजिक संस्थान,शिवशक्ति विकास संस्थान, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सलेहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झगरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोट खमहरिया,लोक कल्याण भूमिका समिति, मानवीय प्रतिभा जागरण उत्थान एवं विकास संस्थान, स्वयंसिद्धा तेजस्विनी महिला संघ,पीपुल साइंस इंस्टीट्यूट, आई सी आई सी आई फाउंडेशन,जाग्रति युवा मंच समिति, श्री बांकेबिहारी कला संस्थान लमतरा, राधारानी ग्राम विकास समिति महिलवारा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गिधौडा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नांदन संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## शराब गोदाम वेयर हाउस हटाए जाने की पार्षद प्रतिनिधि ने उठाई मांग

### पत्राचार करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, शीर्ष नेतृत्व में रखेंगे बात, अनशन पर बैठने की चेतावनी



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुरानी बस स्टैंड कन्या शाला गेट के पास बनी शराब गोदाम इन दिनो समस्या का सबब बनी हुई है जिस पर ध्यान देने के लिए जिम्मेदार गुरेज कर रहे हैं वाहनों में शराब लोड होने से यातायात व्यवस्था बाधित होती है और दोनों और सड़क किनारे भारी जाम लग जाता है हैरत की बात तो यह हे की अमानगंज कन्यशाला में लगभग 2000 छात्राएं अध्ययन करती हैं और शराब की गंध छत्राओं को परेशानी में डाल देती हैं छात्राओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है वहीं पार्षद प्रतिनिधि रामलाल लखेरा ने पूरे मामले को लेकर शराब गोदाम केंद्र हटाने की मांग की है उन्होंने कहा कि बीते दिनों पत्राचार किया गया है लेकिन अब तक प्रशासन ने कार्यवाही नहीं कि प्रशासन ने आश्वासन दिया था मगर कार्रवाई नहीं हुई पूर्व मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि रामलाल लखेरा का कहना है कि वह इस विषय को लेकर शीर्ष नेतृत्व से बात करेंगे नहीं तो चेतावनी देते हुए कहा कि वह अनशन पर बैठेंगे हम आपको बता दें कि शराब गोदाम के बाहर वाहन खड़े कर शराब लोड करने से भारी जाम की स्थिति निर्मित होती है जिससे कई बार सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं भी बन जाती हैं बावजूद इसके चुने हुए जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं जिससे हालात जसके तस बने हुए हैं।

## पन्ना जिले में अवैध कालोनी को लेकर कलेक्टर सख्त

**पन्ना।** विगत दिवस गुनौर की अवैध कालोनी को नोटिस के बाद जिला मुख्यालय में भी अब अवैध कालोनियों को लेकर जिले में सुगबुगाहट शुरू है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने जहां गुनौर में इस कार्यवाही का प्रतिवेदन एसडीएम गुनौर से मांगा है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने नगर परिषद गुनौर में अवैध कालोनियों के निर्माण पर संबंधीजनों को राजस्व गुनौर के एसडीएम के प्रतिवेदन पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। इसके बाद जिला मुख्यालय में भी सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है।



अवैध कालोनियों को लेकर क्या पन्ना एसडीएम से भी जानकारी ली जायेगी ताकि पन्ना जिला मुख्यालय में भी अवैध तरीके से कालोनियों का निर्माण करके आम आदमी से मनमाने तरीके से जो राशि लेकर कालोनाइजर का खेल जो पन्ना में खेला गया यह भी परत दर परत खुलेगा क्योंकि अधिकतर लोग जमीनों को लेकर कालोनी के नियमों को बताकर भले ही प्लाटिंग का कार्य करते है पर वास्तविकता में इसकी पोल तो तभी खुल सकती है जब पन्ना जिला मुख्यालय में भी कितनी कालोनियां वैध तरीके से इस कार्य को करने वाले जानी जायेंगी। वहीं कितनी कालोनियों में संबंधित जिम्मेदारों ने मनमर्जी का खेल खेला जिस तरह से गुनौर में इस कार्यवाही से हड़कम्प मच गया क्या पन्ना में भी इसी तरह की कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा ताकि जिला मुख्यालय में भी पारदर्शिता कालोनाइजरों को लेकर सामने आये। कौन सी कालोनी में वैद्यता संपूर्ण है वहीं कौन सी कालोनी में नियमों का पालन किया गया है। यह भी सामने आयेगा देखना यह है कि जिला मुख्यालय में अवैध कालोनियों को लेकर क्या कार्यवाही की जायेगी ताकि सच्चाई सामने आये। किसका कार्य वास्तविकता में नियमों के तहत किया गया या किया जा रहा है कौन धड़ल्ले से नियमों की परवाह बगैर किये प्लाटिंग का कार्य कालोनियों का नाम बताकर किया जा रहा है। पन्ना जिला मुख्यालय में भी गुनौर में जिस तरह से कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा अवैध कालोनियों को लेकर जिम्मेदारों को नोटिस के माध्यम से अपने साक्ष्य प्रदान करने के लिये समय तक मुकर्रर कर दिया। वहीं पन्ना जिला मुख्यालय में एसडीएम पन्ना से क्या जानकारी प्रतिवेदन के तौर पर ली जायेगी ताकि आम आदमी को यह ज्ञात हो सके कि जिला मुख्यालय में कौन सी कालोनी शासन के मापदण्डों में वैद्य तरीके से सामने आयेगी।

## खबर संक्षेप

### किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन 15 मार्च से

**रीवा** । शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम् में एक मार्च से तथा शेष संभागों में 17 मार्च से किया जाना था। इसमें परिवर्तन करते हुए राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से ही खरीदी करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2425 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली किसान हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं उत्पादक किसानों के हित में बडा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अतिरिक्त 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की गई है। श्री राजपूत ने बताया कि राज्य के किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जायेगी। खाद्य मंत्री ने किसानों के हित में लिये गये इस बड़े निर्णय के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुये इसे खेती को लाभ का धंधा बनाने की ओर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का एक हिस्सा बताया है।

### विधायक के मुख्य आतिथ्य में प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**मऊगंज**। विधायक प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य में 2 मार्च 2025 को दोपहर 2:30 बजे से हनुमना तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरहा दुर्गा मंदिर परिसर में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर साथियों का विशेष सम्मान किया जाएगा वही पेंशनरों को आने वाली विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रदीप पटेल को ज्ञापन के माध्यम से विशेष चर्चा भी की जाएगी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के मऊगंज जिला अध्यक्ष कर्दम ऋषि करेंगे। उपरोक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन विकासखंड शाखा हनुमना के अध्यक्ष रामाश्रय मिश्रा ने देते हुए समस्त पेंशनर साथियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है

### चिकित्सकों ने प्लास्टिक सर्जरी कर जोड़ा कटा हुआ हाथ

**रीवा** । जिला सीधी के ग्राम सलैया निवासी अनिल साकेत उम्र 28 वर्ष का बायाँ हाथ मशीन से लकड़ी काटने के दौरान कलाई से पृथक होगा गया था। मरीज़ को सीधी से चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबद्ध संजयगांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा में 25 फरवरी को 9 बजकर 30 मिनिट में लाया गया, जहाँ वरिष्ठ शल्य चिकित्सकों द्वारा संबंधित कों तुरंत भर्ती कर हाथ को जोड़ने का निर्णय लिया गया। चिकित्सालय में पदस्थ प्लास्टिक सर्जन डाक्टर अजय पाठक व वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा संबंधित मरीज़ का सफल आपरेशन किया गया। इस जटिल आपरेशन की प्रक्रिया में तकरीबन 6 घंटे लगे। इस शल्य क्रिया में अस्थि रोग विभाग के डॉ बी.बी. सिंह, निश्चेतना विभाग के डॉ अरविन्द राठिया तथा डॉ आशुतोष का विशेष योगदान रहा। इस जटिल आपरेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर चिकित्सालय के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा ने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी है।

### विधानसभा अध्यक्ष तीन मार्च को आएंगे रीवा

**रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तीन मार्च को वायुयान द्वारा दोपहर 12.45 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सर्किट हाउस रीवा पहुंचकर अपरान्ह 1.30 बजे जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 2.30 बजे प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय के निवास पर उनके पिता एवं वरिष्ठ नेता केशव पाण्डेय कनिधन पर शोक संतप्त परिजनों से भेंट करेंगे।

---

**दो की हालत गंभीर, गायनी विभाग में हुआ था सीजर**

# प्रसव के बाद 5 महिलाओं की गई याददाश्त

### परिजनों को नहीं पहचान रहीं महिलाएं चिकित्सक भी हैरान

रीवा।

जिले के श्यामशाह मेडिकल कालेज से सम्बद्ध गांधी स्मृति चिकित्सालय के गायनी विभाग में प्रसव के बाद महिलाओं ने अपनी याददाश्त खो दी है। ये अपने परिवार के सदस्यों को नहीं पहचान रही है। इस वाक्ये से चिकित्सक भी हैरान है। अस्पताल में हड़कंप मचा है। इन सभी महिलाओं की सीजर डिलेवरी हुई है। परिजनों के अनुसार प्रसूताओं की मानसिक स्थिति बिगड़ गई है। कोई बेहोश तथा अर्धबेहोश है तो उठकर भागने की कोशिश कर रही हैं। इनकी अजीबोगरीब हरकत के कारण उन्हें बांधकर रखे जाने की भी खबर मिल रही है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन सभी प्रसूताओं की हालत खतरे से बाहर तथा उनकी सेहत पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव के कारणों की जांच कराने की बात कर रहा है। मिली जानकारी अनुसार गांधी स्मृति चिकित्सालय के गायनी विभाग में गुरुवार को पांच महिलाओं का सीजेरियन ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद उनको नार्मल वार्ड में शिफ्ट कर दिया



गया, लेकिन प्रसूताओं को होश ही नहीं आया। काफी देर तक जब महिलाएं बेसुध रहीं तो परिजनों की भी चिंता बढ़ने लगी। कुछ समय बाद महिलाओं को होश आया, लेकिन वे अपने परिजनों को नहीं पहचान रही थी। यह देखकर परिजन भी घबरा गए। आनन फानन में अस्पताल में स्टाफ को इसकी जानकारी दी। खबर लगते ही पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने वार्ड में पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली और उक्त महिलाओं को समुचित उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। आईसीयू मे चल रहा इलाज आपरेशन से हुई डिलीवरी के पश्चात प्रसूतामहिलाओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। प्रभावित महिला मरीज पन्ना, चुरहट एवं रीवा सहित अन्य स्थानों की हैं। पन्ना निवासी प्रसूता महक के परिजन शाहिद अली बताते हैं कि गुरुवार की रात डेढ़ बजे उनके मरीज की सीजर डिलीवरी हुई है। सुबह से उसकी हालत बिगड़ी हुई है। डॉक्टर्स बोल रहे हैं कि हम देख रहे हैं। चुरहट निवासी अम्बुज मिश्रा ने बताया कि उनकी पत्नी का बीती रात लगभग 2 बजे आपरेशन हुआ है। सुबह तक हालत ठीक थी किन्तु अब बेहोशी हालत में है, उसे कुछ भी याद नहीं है। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को बांधकर रखा गया है क्योंकि वे बेड से उठ उठकर भागने का प्रयत्न कर रही हैं।

---

## सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध सख्ती से लागू करने ननि आयुक्त ने व्यापारियों के साथ की बैठक



रीवा।

शहर को स्वच्छ और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सब्जी मंडी के विक्रेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान सिंगल यूज पास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। बैठक में नगर निगम के अधिकारी, सब्जी मंडी के प्रतिनिधि और व्यापारीगण मौजूद रहे। निगम आयुक्त सोनवणे ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाएगा। व्यापारियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने और कागज कपड़े व अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही, उन्होंने विक्रेताओं से कहा कि वे ग्राहकों को झोला लाने के लिए स्वयं प्रेरित करें, ताकि प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाई जा सके। निगम आयुका ने स्पष्ट कहा कि जो भी दुकानदार या विक्रेता प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करता पाया जाएगा तो उस पर स्पॉट फाइन लगाया जाएगा और जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में व्यापारियों ने नगर निगम के इस अभियान का समर्थन करते हुए प्लास्टिक के विकल्प अपनाने कर आश्वासन दिया।

---

**एक करोड़ से अधिक धोखाधड़ी, चिटफण्ड कंपनी के खिलाफ ईओबडब्लू में एफआईआर दर्ज**

## प्रलोभन का लालच देकर पैसे जमा कराकर हो गए थे गायब

रीवा।

गरीब आम जनता के साथ करोड़ो रुपये की धोखाधड़ी करने वाली चिटफण्ड कम्पनी एस.यू.एस.के. इण्डिया लिमिटेड के अधिकारियों के विरुद्ध ईओडब्ल्यू में एफ.आई.आर. दर्ज हुई है। शहर में कार्यालय खोलकर कई वर्षों तक लोगों को बड़े सपने दिखाकर रुपए जमा कराने के बाद कंपनी के लोग गायब हो गए थे।ईओडब्ल्यू में इसकी शिकायत की जांच लंबे समय से चल रही थी। कंपनी ने रीवा के अलावा भी अन्य कई शहरों में भी अपना कार्यालय खोल रखा था। चिटफण्ड कम्पनी एस.यू.एस. के. इण्डिया लिमिटेड के पदाधिकारी कैलाश लोधी डायरेक्टर / मालिक एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा वर्ष 2011 से 2016 की अवधि में चिटफण्ड कम्पनी की स्थापना की थी। इसमें एजेन्ट की नियुक्ति कर कमीशन एवं प्राइज का प्रलोभन देकर चैन सिस्टम के माध्यम से लगभग 300 से अधिक लोगों को सदस्य बनाकर कम्पनी में निवेश कराया गया तथा आम जनता से लगभग 1.5 करोड़ रुपये धनराशि एकत्र की गई। बता दे कि चिटफंड कम्पनी की स्थापना के बाद रीवा, सतना सहित अन्य जिलों में एजेंट नियुक्त किए गए थे। इनके एजेंटों ने कमीशन एवं प्राइज का प्रलोभन देकर धीरे-धीरे किस्तों के माध्यम से लोगों से पैसे जमा कराए थे। वही बताया गया कि इस चिटफंड कंपनी का मुख्यालय उज्जैन में बनाया गया था। प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में भी इसका नेटवर्क फैला रहा है। लोगों से पैसा वसूलने के बाद कंपनी को बंद कर दिया गया था। पुराने पते के आधार पर ईओडल्यू ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज की है। बताया गया कि एस.यू.एस.के. इंडिया लिमिटेड द्वारा मेच्योरिटी अवधि पूर्ण हो जाने पर भी निवेशकर्ताओं का भुगतान नहीं किया गया। निवेशकों द्वारा कंपनी से संपर्क किये जाने पर कंपनी के पदाधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि आपकी राशि प्रापर्टी सहित अन्य प्रोजेक्ट में निवेश की गई है तथा उक्त संपत्तियों के विक्रय पश्चात ब्याज सहित आपकी राशि वापस कर दी जायेगी।निवेश के नाम पर कई नाम से लिए थे पैसे चिटफंड कंपनी ने एजेंटों के जरिए लोगों से कई तरह से निवेश करने के प्रलोभन दिए थे। रियल एस्टेट फिल्म्स डेवलपर प्रॉपर्टी एग्रीकल्वर प्रोडक्ट्स कंस्ट्रक्शन, फार्म, डेयरी, फैक्ट्री, सोसायटी, पेस्ट कंट्रोल सर्विसेस, होटल में निवेश के नाम पर लोगों से रुपए वसूले गए। उपरोक्त धनराशि प्राप्त करने के लिए एसयूएसके इडिया लिमिटेड द्वारा पॉलिसी बॉन्ड जारी किए गए।मैच्योरिटी अवधि पूर्ण होने पर निवेशित राशि से कई गुना अधिक राशि भुगतान किए जाने का प्रलोभन दिया गया था। अवधि जब पूरी हो गई और पैसे नहीं मिले तो लोगों ने शिकायतें शुरू की। इसके बावजूद एजेंटों द्वारा यह आश्वासन दिया जाता रहा कि ब्याज सहित रुपए मिलेंगे, जिसकी वजह कई निवेशकों ने अपनी शिकायतें भी वापस लेने की पेशकश की थी। निवेशकों से जमा कराई गई राशि की मैच्योरिटी अवधि पूर्ण होने के पूर्व ही वर्ष 2016 में उक्त कम्पनी बंद कर कम्पनी के पदाधिकारी गायब हो गये थे। बॉक्स इन पर दर्ज हुई एफआईआर उक्त चिटफण्ड कम्पनी के पदाधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत के सत्यापन पश्चात आम जनता के साथ छलपूर्वक निवेश कराकर निवेशकों की राशि हड़प लिये जाने के संबंध में जिन लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई है उसमें प्रमुख रूप से एसयूएसके इंडिया लिमिटेड के मालिक कैलाश लोधी, डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह लोधी, भगवती बाई, एचआर मैनेजर अनिल सिंह लोधी डायरेक्टर फतेह सिंह, महाप्रबंधक अमित जैन, एमडी शकिर खान, डायरेक्टर सुनील तिवारी एवं अन्य है। संबंधित पर धारा 406, 420, 120-बी भादवि एवं मध निक्षेपकों के हिलों का संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 6 (1) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

---

**आधा दर्जन घायल मैहर मां शारदा का दर्शन कर लौट रहा था परिवार**

## अनियंत्रित होकर ऑटो पलटी, एक की मौत

रीवा।

जिले के मनगवां क्षेत्र के पलिया गांव से मैहर देवी माता मंदिर में मुंडन कराने गया परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। बता दे कि पूरा परिवार ऑटो के सवार होकर मैहर से मुंडन कराकर वापस आ रहे थे तभी ऑटो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। इस सड़क हादसे में कृष्ण कुमार सेन 70 वर्ष निवासी पलिया की मौत हो गई है। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में राजकुमार सेन निवासी ग्राम पलिया थाना मंनगवा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार के सभी



लोग ऑटो में सवार होकर मैहर देवी माता मंदिर में बच्चे का मुंडन कराने गए हुए थे, माता के दर्शन उपरांत मुंडन कार्यक्रम हुआ जहां से बीती शाम तकरीबन 6 बजे वो वापस लौट रहे थे। जैसे ही आटो सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला चौकी के समीप पहुचा तभी तेज रफ्तार में आटो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ऑटो अनियंत्रित होकर पलटते हुए खाई के नीचे चला गया। हादसे में उसके पिता की मौत हो गई ऑटो में सवार बच्चे सहित आधा दर्जन लोग घायल हुए है, जिनका उपचार चिकित्सकों द्वारा संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है।

---

## तिरंगे के अपमान मे अभी तक कोई कार्रवाई नहीं

मऊगंज

जिले के जनपद पंचायत हनुमना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतुलखी छत्रपाल सिंह में पंचायत प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला सामने आया है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर फहराये तिरंगे को जिम्मेदार नही उतारे थे।ग्रामीणों ने झंडा को उतारने सूचना दी, जिसके बाद पंचायत के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज को उतरवाया।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पतुलखी छत्रपाल सिंह के पंचायत भवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया था। शाम होने से पहले तिरंगे को उतार लेना चाहिए था, लेकिन रात 8 बजे तक पंचायत भवन पर झंडा फहराता हुआ मिला। इसे देखकर ग्रामीण आश्चर्य चकित रह गए। इस पर कुछ ग्रामीणों ने इसका फ़ोटो खींचकर समय नोट कर लिया और इसका विडिओ वायरल हो गया किन्तु एक माह गुजर जाने के पश्चात भी जिम्मेदारो पर कोई कार्रवाई नही किए जाने से ग्रामीणो मे तिरंगे के अपमान से दुख व्याप्त है।



---

## बहुती जलप्रपात में मिला किशोरी का शव





मऊगंज

जिले की नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहुती जलप्रपात में एक किशोरी का शव देखा गया जिसकी पुलिस को सूचना दी गई नईगढ़ी थाना पुलिस प्रपात पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से प्रताप के नीचे उतरकर शव को निकलवाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रैना विश्वकर्मा उर्फ पार्वती पिता नंदलाल विश्वकर्मा उम्र 17 वर्ष निवासी रतनगवां थाना मऊगंज शुक्रवार 11 दिन घर से मऊगंज कॉलेज जाने के लिए निकली थी और दोपहर 2 बजे की बस से घर लौटती थी किन्तु वापस नही पहुंचने पर पिता द्वारा बार-बार संपर्क करने के फोन नहीं उठा जिससे पिता ने पता तलाश किया कहीं पता तलाश न मिलने पर शाम 6 बजे मऊगंज थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।मृतका का बैग प्रपात के पास मिला जिसमें कालेज का पहचान पत्र था जिसमे घर का नाम पता फोन नंबर लिखा हुआ था। क्षेत्रीय व्यक्ति ने बैग खोलकर देखा तो उसके पिता का मोबाइल नंबर मिला जिसमे उन्होंने सूचना दी की एक बैग मिला है। पिता सुबह प्रपात के पास पहुंचे तो बैग देखकर पहचान गए कि यह मेरी पुत्री रैना का बैग है। इसके बाद प्रताप के आसपास पता तलाश करने लगे कुछ देर में चट्टानों के बीच शव दिखाई दिया। तत्काल नईगढ़ी थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव निकलवाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी मे पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

---

## नायब तहसीलदार महिमा पाठक एवं एसडीओ बाण सागर को सौंपा गया मांग पत्र

रीवा

पानी की त्राह त्राह करती जन मानस को धरने पर बैठे लाल मणि त्रिपाठी के नेतृत्व मे जलासयोमे पानी आजाने से पानी की समस्या से मिली निजातअधिकारियो द्वारा नहर की साफ सफाई एवं लगातार पानी देने का मिला आश्वासन सक्षम अधिकारी नायब तहसीलदार एवं एस डी ओं की उपस्थित मे सैकड़ो लोगों के बीच पानी की समस्या को लेकर चल रहे अन्सन को आज समाप्त कराया गया । जिला पंचायत सदस्य लालमणि तिपाठी जैसे सपूतों की अगुआई मे क्षेत की जनता की हर समस्या को लेकर हमेशा संघर्ष करने वाले नेता जन मानस क पटल पर ऐसा नाम उभरा कि निहस्वार्थ जन सेवा के लिए संकल्पित व्यक्ति के द्वारा सूखी फसलो को पानी और गुढ क्षेत्रके लोगो को पीने के लिए पानी मिल सका और अब पानी मिल जाने से गुढ स्थित रेडवा नदी व नहरों मे पानी भर जाने से आसपास का जल स्तर अच्छा होने से लोगों खुशी की लहर देखने को मिल रही



है ज्ञापन मे मुख्य रूप से जो मांग है वो निम्न हैनहर मे नियमित पानी छोड़ा जायनहर की नियमित साफ सफाई की जाय उपयोगी जगहों पर निरीक्षण कर पुल निर्माण किया जाय नहर से नम्सा से प्रथक किया जायआवागवन की सुविधा हेतु नहर मे सडक निर्माण कराया जाय आदि मागो का ज्ञापन सौंप गया इस अवसर पर धरना प्रदर्शन मे नेतृत्व करता लाल मणि त्रिपाठी, रवीन्द नाथ तिवारी, बालेन्द तिवारी, अशोक तिवारी, विनोद मिश्रा, सज्जन सिंह, शैलेन्द सिंह सरपंच चौडियार दयाशंकर तिवारी, ईजी देवेन्द्र सिंह, सतोष दुवे,वनमाली तिवारी, बाके पाण्डे, शुसील दुवे, शुसील मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, गोवर्धन प्यासी आ दि सैकडो लोगों की उपस्थित मे ज्ञापन पत्र सौपा गया तथा अधिकारियों को आगाह किया गया कि यह घोर लापरवाही दुवारा न दोहराये नही तो हम सब पुनः लाल मणि त्रिपाठी के नेतृत्व मे जन समस्याओं को लेकर उग्र आन्दोलन किया जायेगा 1